RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 08 मई 2023 | वर्ष 05 | अंक 21 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App






एरंडेल तेली समाज हितकारिणी मंडल नागपुर द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह 2023 में संस्था के अध्यक्ष द्वारा दैनिक रोखठोक लेखनी के संपादक फैजल शेख को अतिथि के तौर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामूहिक विवाह समारोह में कई जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे जिन्हे उपस्थित लोगों ने आशीर्वाद दिया।

## मणिपुर हिंसा में फंसे 22 छात्रों को वापस लाने के लिए भेजा जाएगा विशेष विमान

### CM शिंदे का एलान



**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार (7 मई) को कहा कि हिंसा प्रभावित मणिपुर में फंसे राज्य के छात्रों को वापस लाने के लिए विशेष विमान की व्यवस्था की जाएगी. शिंदे ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि उनकी सरकार हिंसा प्रभावित मणिपुर के हालात पर लगातार नजर रख रही है. मुख्यमंत्री शिंदे कहा है कि महाराष्ट्र के 22 छात्र मणिपुर में हैं. मैंने उनमें से दो-विकास शर्मा और तुषार अव्हाण से बातचीत की है, और उन्हें घर वापस लाने के लिए विशेष विमान की व्यवस्था करने का भरोसा दिलाया है. मैंने उनसे किसी भी चीज से भयभीत नहीं होने को कहा है. उन्हें सुरक्षित वापस लाने के लिए राज्य हर संभव तैयारी कर रहा है.''

एक बयान में कहा गया है कि दोनों छात्र मणिपुर में प्रौद्योगिकी संस्थानों में पढ़ाई कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि मैंने सभी जरूरी व्यवस्था करने के लिए महाराष्ट्र के मुख्य सचिव मनोज सौनिक और राज्य के अन्य अधिकारियों से भी बतचीत की है.

## मुंबई पुलिस के रडार पर ड्रग्स पैडलर

### अब तक की 160 लोगों की गिरफ्तारी



मुंबई: मायानगरी मुंबई में ड्रग्स का कारोबार करने वाले ड्रग्स पैडलर मुंबई मुंबई पुलिस के रडार पर है। पुलिस पिछले एक सप्ताह से लगातार कार्रवाई कर रही है। मुंबई पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सबस्टेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत 115 मामले दर्ज कर 160 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से नशे के सौदागरों में भय देखा जा रहा है। मुंबई पुलिस ने एक विशेष अभियान शुरू किया, जिसके तहत स्थानीय पुलिस की टीम स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, रेलवे स्टेशनों और उद्यानों के आस पास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही है। पुलिस इन जगहों पर जाल बिछाकर ड्रग्स बेचने और खरीदने वालों की धरपकड़ कर रही है।

पुलिस ड्राइव के दौरान बड़ी मात्रा में एमडी, गांजा, चरस और कोकीन जैसे ड्रग्स जब्त किए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए) के तहत अवैध तंबाकू उत्पाद बेचने वाले पान स्टालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है, जिसमें आयातित सिगरेट भी शामिल हैं, जिनके पैक पर अनिवार्य चेतावनी या दृश्य नहीं है। कार्रवाई में सीओटीपीए के तहत 2,694 लोगों, जबकि 574 पान स्टालों के अतिक्रमण को हटाया गया है। दक्षिण मुंबई के गांवदेवी में शहर की मशहूर मुच्छड़ पानवाला की दुकान को भी सीओटीपीए के कथित उल्लंघन को लेकर कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। पिछले 24 घंटे में, पुलिस ने एनडीपीएस मामलों के इतिहास वाले 446 व्यक्तियों की जांच की है। अधिकारी के मुताबिक, 41 लोगों को गिरफ्तार किया और 35 नए मामले दर्ज किए, इसके अलावा कई मादक पदार्थ भी जब्त किया गया है।



# संपादकीय / लेख



## फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## ...चुनाव लड़ने पर लगे रोक

सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत यह तथ्य हैरान करता है कि देश में पांच हजार से ज्यादा पूर्व और वर्तमान विधायकों-सांसदों पर आपराधिक मामले लंबित हैं। इससे यही पता चलता है कि अपने देश में आपराधिक अतीत वाले जनप्रतिनिधियों की कितनी बड़ी संख्या है। चिंताजनक यह है कि ऐसे जनप्रतिनिधियों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। हर स्तर के चुनावों में बड़ी संख्या में ऐसे प्रत्याशी उतर रहे हैं, जिन पर गंभीर आरोप हैं।

ताजा उदाहरण कर्नाटक का है। यहां हो रहे विधानसभा चुनावों में 16 प्रतिशत प्रत्याशी ऐसे हैं, जिन पर गंभीर आपराधिक मामले हैं। चूंकि इनमें सभी दलों के प्रत्याशी हैं, इसलिए इस नतीजे पर पहुंचने के अलावा और कोई उपाय नहीं कि कोई भी दल आपराधिक मामलों का सामना कर रहे लोगों को चुनाव मैदान में उतारने से बाज नहीं आ रहा है। इसका एक बड़ा कारण वह व्यवस्था भी है, जिसके तहत जेल में बंद लोग भी चुनाव लड़ने में सक्षम हैं। विंडबना यह है कि जेल में बंद लोग वोट देने के अधिकारी नहीं, लेकिन ऐसा व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। इस व्यवस्था का आधार यह तर्क है कि जब तक कोई दोषी सिद्ध न हो जाए, तब तक उसे निर्दोष ही माना जाना चाहिए।

यह तर्क गलत नहीं, लेकिन हमारे नीति-नियंताओं को इसका आभास होना चाहिए कि इसकी आड़ में ही राजनीति का अपराधीकरण हो रहा है और गंभीर आरोपों में लिप्त होने के आरोपित लोग विधानसभाओं और संसद में पहुंच रहे हैं। हाल में प्रयागराज में मारा गया गैंगस्टर अतीक अहमद एक समय विधायक और सांसद था। वह आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के बाद भी चुनाव लड़ने में इसलिए सक्षम रहा, क्योंकि राजनीतिक दलों ने बिना किसी शर्म-संकोच उसे संरक्षण दिया।

इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि सुप्रीम कोर्ट में इसे लेकर सुनवाई हो रही है कि सांसदों-विधायकों के विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों की शीघ्र सुनवाई कैसे हो, क्योंकि सच यह है कि ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालतों का गठन किए जाने के बाद भी उनका काम संतोषजनक नहीं। वे संसाधनों की कमी के साथ अन्य समस्याओं का सामना कर रही हैं। इसके चलते दागी जनप्रतिनिधियों के मामलों की सुनवाई अपेक्षित गति से नहीं हो पा रही है। इसके चलते हमारा लोकतंत्र कलंकित हो रहा है।

सुप्रीम कोर्ट को केवल यही नहीं देखना चाहिए कि आपराधिक मामलों का सामना कर रहे जनप्रतिनिधियों के मुकदमों की सुनवाई तेजी से हो, बल्कि उसे इस पर भी ध्यान देना चाहिए कि दागी नेताओं को चुनाव लड़ने से कैसे रोका जाए। इसके लिए उसे चुनाव आयोग को अतिरिक्त शक्ति देनी चाहिए, जो यह मांग कर रहा है कि उन्हें चुनाव लड़ने का मौका न मिले, जिन पर गंभीर आरोप हैं और जिनके खिलाफ आरोप पत्र दायर हो चुके हैं। आखिर इस मांग में गलत क्या है ?

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91


# ९० दिनों में पूरा होगा ऐतिहासिक सुरंग को खोदने का काम

**मुंबई,** मनपा की महत्वाकांक्षी परियोजना कोस्टल रोड का काम तेजी से पूरा होने की ओर बढ़ रहा है। इस परियोजना के तहत अरब सागर के नीचे से बनाई जानेवाली जुड़वां सुरंगों की खुदाई का काम लगभग पूरा होनेवाला है। मात्र ७० मीटर दूरी तक खुदाई का काम बचा हुआ है। पिछले २ वर्षों से अधिक समय से मावला नामक टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) सुरंग की खुदाई में जुटा हुआ है। अगले १० दिनों में मावला ७० मीटर सुरंग की खुदाई पूरी कर लेगा और इसी के साथ देश की ऐतिहासिक सुरंग को खोदने का काम पूरा हो जाएगा। अधिकारियों की मानें तो मावला अगले १० दिनों में अपनी जंग जीत लेगा। कोस्टल रोड परियोजना के तहत प्रिंसेस स्ट्रीट फ्लाईओवर से बांद्रा-वर्ली-सी लिंक के वर्ली छोर तक कुल १०.५८ किमी लंबी सड़क परियोजना है। इस परियोजना के तहत २.०७ किमी लंबी सुरंग बनाई जा रही है। जो प्रिंसेस स्ट्रीट मरीन ड्राइव से प्रियदर्शनी पार्क तक बनाई जा रही है। जुड़वां सुरेंग हैं। एक की खुदाई का काम पिछले साल ही हो चुका था, दूसरी को मार्च से खोदने की शुरूआत की गई थी। अब उसका काम भी पूरा होनेवाला है। यह सुरंग अत्यंत आधुनिक होंगी। सुरंग को १० से ७० मीटर नीचे से तक बनाया जा रहा है। समुद्र के नीचे से जानेवाली देश की यह पहली सुरंगें होंगी। सुरंग के अंदर वेंटिलेशन की व्यवस्था होगी, चिकित्सा सेवा और अन्य आधुनिक तकनीकी का भरपूर उपयोग किया जाएगा, ताकि यातायात के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो। कोस्टल रोड परियोजना में समुद्र के नीचे सुरंग की खुदाई के लिए देश की सबसे बड़ी टीबीएम का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस टीबीएम मशीन का नाम तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने स्वयं 'मावला' रखा है। इस मावला की ऊंचाई ४ मंजिला इमारत के बराबर है।



इस बारे में कोस्टल रोड परियोजना के मुख्य अधिकारी एम. स्वामी ने बताया कि उक्त परियोजना में सुरंग खोदने का काम तेजी से चल रहा है। मावला अपनी रफ्तार से इसकी खुदाई कर रहा है। आनेवाले कुछ दिनों में दूसरी सुरंग की खुदाई का काम भी पूरा कर लिया जाएगा।

# बड़ी संख्या में शिक्षकों के पद खाली, कैसे पढ़ेंगे गरीब-आदिवासियों के बच्चे?



**पालघर,** विश्वगुरु बनने की चाहत रखनेवाले हिंदुस्थान में गुरुओं की इतनी कमी है कि हजारों की संख्या में सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। देश में जहां एक तरफ रोजगार की मार है, वहीं शिक्षा क्षेत्र में रिक्त पदों की भरमार है। देश भर में शिक्षा जितनी तेजी से महंगी होती जा रही है, उतनी ही तेजी से बच्चों तक उसकी पहुंच भी कम होती जा रही है। ऐसे में पालघर जिले के गरीब-आदिवासी इलाकों में शिक्षकों की कमी से करीब १०० स्कूल बंद होने की कगार पर हैं, जिससे बड़ी संख्या में बच्चों के भविष्य को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

राज्य सरकार ने अन्य जिलों में शिक्षकों के ट्रांसफर की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की थी। स्थानांतरण के लिए आवेदन करनेवाले ४८६ में से ४६७ पात्र शिक्षकों के स्थानांतरण आदेश स्वीकृत किए गए।

# महाराष्ट्र में बढ़ रही हैं सड़क दुर्घटनाएं!

## ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान करने में उचित जांच की कमी

**मुंबई,**ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान करने में उचित जांच की कमी और कानून में खामियों के कारण महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, ऐसा जानकारों का कहना है। महाराष्ट्र परिवहन विभाग द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के अनुसार, ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करनेवाले ३२.०४ लाख नागरिकों में से ९७.२४ प्रतिशत ने टेस्ट पास किया था, जबकि केवल २.४ प्रतिशत विफल रहे और ०.३६ प्रतिशत नहीं आए। आंकड़ों में कहा गया है कि महाराष्ट्र में ५० क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) में से १४ में ड्राइविंग टेस्ट आवेदकों में फेल होनेवाले आवेदकों की दर १ प्रतिशत से भी कम थी, जबकि केवल ६ आरटीओ में आवेदकों की विफलता दर ५ प्रतिशत से अधिक थी।

गंभीर बात यह है कि कुछ आरटीओ कार्यालयों में विफलता दर ०.५० प्रतिशत से भी कम थी और कुछ में यह ७-८ प्रतिशत से अधिक थी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह समझना मुश्किल है कि राज्य की सड़कों पर दुर्घटनाओं की खतरनाक संख्या को देखते हुए कितने ड्राइवर ड्राइविंग टेस्ट पास कर रहे हैं।

यूनाइटेड वे मुंबई एनजीओ के



परियोजना निदेशक अजय गोवाले ने कहा, 'हर गुजरते दिन के साथ, हम भयानक सड़क दुर्घटनाओं के बारे में सुनते हैं, जहां कई निर्दोष लोग जीवन गंवा दे रहे हैं। आवेदकों के सुरक्षित ड्राइविंग स्किल्स की गंभीर रूप से जांच करने की प्रक्रिया में सुधार करने की आवश्यकता है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि केवल कुशल ड्राइवरों को ही अनुमति दी जाए।'

आवेदकों के ड्राइविंग कौशल और यातायात नियमों और विनियमों के ज्ञान का आकलन करने के लिए आरटीओ द्वारा ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाते हैं। हालांकि, ड्राइविंग टेस्ट देने से पहले आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस हासिल करना होता है, जो छह महीने के लिए वैध होता है। दिलचस्प बात यह है कि ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की तुलना में २०२२ में लर्निंग लाइसेंस टेस्ट की विफलता दर अधिक थी, यह परिवहन विभाग के रिकॉर्ड से पता चला।

# १२ साल बाद भी मुंबई-गोवा हाईवे का काम ठप निकलेगी रैली



**मुंबई,** महाराष्ट्र के कोकण से सटे हुए गोवा तक की सड़क भी खस्ताहाल है। खराब सड़कों के चलते हजारों लोगों की जान हर साल उस सड़क पर हादसों से जाती है। लेकिन फिर भी सरकार की आंखे नहीं खुल रही हैं। १२ साल बाद भी मुंबई-गोवा हाईवे का काम ठप है। समय-समय पर कोर्ट के आदेश, सरकार के मंत्रियों के भारी वादे और सरकार की ओर से प्रशासन को दिए गए आदेश के बावजूद भी काम ठप है। सरकार और अधिकारियों के आदेश को ठेकेदार अनसुना कर रहे हैं। यहां सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी के लोग खराब सड़क पर यात्रा करने को मजबूर हैं।

प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ कोकण क्षेत्र से जुड़ी तमाम संस्थाओं ने अब हाथ मिलाया है और राज्य की शिंदे- फडणवीस सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने की घोषणा की है। अपनी नाराजगी व्यक्त करने और इस मुद्दे पर सभी कोकणवासियों को एक बार फिर से संगठित करने के लिए मुंबई-गोवा राजमार्ग जन आंदोलन समिति विरोध प्रदर्शन करेगी। कामोठे टोल प्लाजा से रविवार ७ मई, २०२३ को शाम ४ बजे दोपहिया रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली शाम करीब ६.३० बजे खरपाड़ा टोल प्लाजा पर समाप्त होगी। खरपाड़ा में समापन बैठक होगी और अगले निर्देश की घोषणा की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुंबई-गोवा महामार्ग पर ४५१ किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य होना था। प्रशासन, राजनीतिक नेतृत्व, ठेकेदारों और स्थानीय व मुंबई-ठाणे की जनता के समन्वय से बड़े पैमाने पर बचे हुए कार्य शुरू किए गए थे। पलस्पे से कासू फेज का कार्य के लिए आदेश मिलने के बाद ठेकेदार जे. एम. म्हात्रे ने काम शुरू किया। यहां प्रति महीने ४ किमी सड़क बनाने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पिछले एक माह में यहां ढाई किलोमीटर से भी कम सड़क ही बन पाई है।




# मुंबई मेट्रो ने वक्त बचाया लेकिन खर्च बढ़ाया

## प्रॉपर्टी के दाम और घरों के किराए ने तोड़े रिकॉर्ड

**मुंबई:** शहर में जगह की कमी होने से बीते कुछ सालों में कई बड़ी कंपनियों के ऑफिस शहर के बजाए उपनगर में शिफ्ट हो गए हैं। मेट्रो का निर्माण उन रास्तों पर किया गया है, जहां पर लोकल ट्रेन की सेवा उपलब्ध नहीं है। मेट्रो-7 और मेट्रो-2ए कॉरिडोर का 35 किमी का रूट वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे के करीब किया गया है। साथ ही मेट्रो कई महत्वपूर्ण स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों के करीब से होकर गुजर रही है। ऐसे में मेट्रो स्टेशन के करीब रहने से लोगों की समय की बचत होने के साथ ही रिक्शा, टैक्सी में खर्च होने वाले पैसे की बचत हो रही है। इस कारण भी घरों के किराये और प्रॉपर्टी की कीमतें बढ़ी हैं।



पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतर सुविधा होने की वजह से दक्षिण मुंबई में रहने वाले परिवार अब उपनगर की तरफ शिफ्ट हो रहे है। शाद रिएलिटी के प्रमुख मोहम्मद शादाब कुरैशी के मुताबिक, परिवारों के शहर से उपनगर में शिफ्ट होने का मुख्य कारण उनकी बड़े घरों में रहने की चाह है। दक्षिण मुंबई के एक छोटे से घर की कीमत करोड़ों में होती है। शहर का एक घर बेच कर लोग को इतने पैसे मिल रहे है कि वह उस पैसे में आसानी से उपनगर में दो घर खरीद रहे है। जहां उनको पार्किंग, स्विमिंग पूल, गार्डन जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। नेशनल रीयल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नरेडको) महाराष्ट्र की वाइस प्रेसिडेंट मंजू याग्निक के मुताबिक, मुंबई में मेट्रो की 3 लाइनों के शुरू होने से उपनगर में लोगों के पास लोकल ट्रेन के साथ ही मेट्रो का भी विकल्प उपलब्ध हो गया है। बेहतर कनेक्टिविटी की वजह से लोगों का आना-जाना आसान हो गया है। इस कारण मेट्रो के करीब के प्रॉपर्टी के रेट में बढ़ोतरी हुई है। लोगों की आमदनी भी बढ़ी है। कोरोना के बाद लोगों की सोच में भी बदलाव आया है। लोग किराया या छोटे घरों में रहने के बजाए बड़े और पर्याप्त सुविधाओं वाले घरों में रहना पसंद कर रहे हैं। इस कारण अब अफॉर्डेबल घरों के साथ ही हर महीने लग्जरी घरों की भी खूब बिक्री हो रही है। मेट्रो के साथ ही उपनगर में घरों का किराया बढ़ने का एक बड़ा कारण पुरानी इमारतों का पुनर्विकास होना है। हाउसिंग ऐंड रेरा कमिटी ऑफ बिल्डर्स असोसिएशन ऑफ इंडिया के चेयरपर्सन आनंद गुप्ता के अनुसार, सरकार द्वारा नियमों में ढील देने की वजह से पुरानी इमारतों के पुनर्विकास के लिए सरकारी मंजूरी प्राप्त करना कुछ आसान हुआ है। मौजूदा समय में मेट्रो-7 और मेट्रो-2ए मार्ग के करीब सबसे ज्यादा रिडिवेलपमेंट का काम हो रहा है। खास तौर पर बोरिवली, कांदिवली, मलाड, गोरेगांव और अंधेरी में सबसे अधिक रिडिवेलपमेंट हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में परिवार किराये के मकानों में शिफ्ट हो रहे है। मेट्रो कॉरिडोर को लेकर लोगों के दो विचार हैं। कुछ लोग मेट्रो के बनने से बेहद खुश हैं तो जो लोग पहले से ही मेट्रो स्टेशनों के करीब रह रहे हैं, उनको भविष्य में उनकी शांति भंग होने का डर सताने लगा है। कन्फेडरेशन ऑफ रीयल एस्टेट डिवेलपर्स असोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) और महाराष्ट्र चैंबर ऑफ हाउसिंग इंडस्ट्री ( एमसीएचआई ) ठाणे के प्रेजिडेंट जितेंद्र मेहता के मुताबिक, जिन लोगों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए लंबी यात्रा करनी पड़ती थी, मेट्रो के आने से उन्हें अब कम ट्रैवल करना पड़ रहा है। वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें लगता है कि मेट्रो आने से उनके इलाके में भीड़ काफी बढ़ जाएगी। बेहतर कनेक्टिविटी नहीं होने की वजह जिन स्थानों की आबादी कम थी, वहां अब बड़ी संख्या में लोग रहने लगे है।

# रिफाइनरी को गुजरात ले जाएं, महाराष्ट्र में अच्छे प्रॉजेक्ट्स लाएं, उद्धव ठाकरे ने किया बारसू का दौरा

**मुंबई:** शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि रत्नागिरी जिले के बारसू में प्रस्तावित तेल रिफाइनरी को गुजरात में स्थानांतरित कर देना चाहिए और अच्छी निवेश वाली परियोजनाओं को महाराष्ट्र में ले आना चाहिए। बारसू में प्रस्तावित रिफाइनरी परियोजना स्थल का दौरा करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में पर्यावरण प्रदूषण फैलानेवाली किसी भी नुकसानदेह परियोजनाओं की जरूरत नहीं है। बारसू रिफाइनरी का भी विरोध हो रहा है, इसलिए यह परियोजना भी गुजरात लेकर जाएं। बता दें कि उद्धव ठाकरे अपनी पार्टी के कार्यकताओं के साथ शनिवार को बारसू गांव पहुंचे थे। यहां तेल रिफाइनरी के लिए मिट्टी की टेस्टिंग की जा रही है। इस परियोजना का विरोध करने वाले ग्रामीणों से भी ठाकरे ने मुलाकात की। उन्होंने सरकार को प्रदर्शनकारियों के समक्ष आकर इस परियोजना का समर्थन करने की चुनौती दी। हालांकि, बीजेपी नेताओं ने इस प्रॉजेक्ट के समर्थन में एक रैली निकाली।

ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने ही रिफाइनरी परियोजना के लिए बारसू का नाम सुझाया था, लेकिन उन्होंने यह कभी नहीं कहा था कि 'भले ही प्रदर्शनकारियों' का सिर फोड़ना पड़े या उन्हें परेशान करना पड़े, रिफाइनरी परियोजना स्थापित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के बल्क ड्रग्स पार्क, वेदांता-फॉक्सकॉन और टाटा-एयरबस परियोजनाओं को गुजरात लेकर चले गए। ऐसी अच्छी परियोजनाओं की महाराष्ट्र को सख्त जरूरत है। इसमें कोई विवाद नहीं है। ठाकरे ने कहा कि वह ऐसी कोई विकास परियोजना लागू नहीं होने देंगे, जिससे लोगों के हितों और पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा हो।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनमें प्रदर्शनकारियों का सामना करने की ईमानदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार को किसी भी परियोजना को लागू करने से पहले स्थानीय लोगों से बातचीत करनी चाहिए। ठाकरे ने कहा कि जब वह मुख्यमंत्री थे तो समृद्धि राजमार्ग के निर्माण के दौरान इसी तरह के विरोध प्रदर्शन हुए थे, लेकिन हमने प्रदर्शनकारियों से बात की। हमने विकास को बाधित किए बिना रास्ता निकाला।

एक तरफ उद्धव ठाकरे परियोजना का विरोध करने वालों से मिल रहे थे, वहीं बीजेपी विधायक नितेश राणे और पूर्व सांसद निलेश राणे इस रिफाइनरी परियोजना के समर्थन में रैली निकाली। निलेश राणे ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए ठाकरे ने परियोजना का समर्थन किया था, लेकिन अब वह उसका विरोध कर रहे हैं क्योंकि वह विपक्ष में हैं।

# घाटकोपर में ट्रैफिक समस्या होगी दूर

## विद्याविहार ब्रिज के निर्माण में आई तेजी

**मुंबई.** घाटकोपर में होने वाली ट्रैफिक समस्या से लोगो को जल्द निजात मिलेगी। लाल बहादुर शास्त्री मार्ग (एलबीएस) एवं रामकृष्ण चेंबूरकर मार्ग को जोड़ने वाले ब्रिज के निर्माण का काम जोरो पर चल रहा है। विद्याविहार रेलवे स्टेशन के पास ब्रिज के निर्माण में 100 मीटर लंबा का पहला गर्डर डालने को लेकर मनपा ने मध्य रेलवे को मेगा ब्लॉक करने का प्रस्ताव भेजा है.



विद्याविहार स्टेशन के पास डाला जाने वाला गर्डर अब तक का सबसे बड़ा गर्डर होगा। बता दे कि मनपा द्वारा विद्याविहार रेलवे स्टेशन के पास घाटकोपर की ओर रेलवे लाइन के ऊपर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है. कल्याण के पतरी पुल की ही तरह इस पुल के बीच में एक भी पिलर नहीं होगा. इस ब्रिज को बनाने के लिए वर्ष 2016 में प्रारूप तैयार किया गया था जिसे 2022 में पूरा किया जाना था. रेल मंत्रालय के अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) ने पुल के प्रुप में बदलाव सुझाया था. जिसकी वजह से रेलवे की अनुमति से रेलवे के क्षेत्र में आने वाले पुल के नक़्शे में बदलाव किया गया. ब्रिज बनाने में आई अड़चन के बाद ब्रिज के निर्माण की समय सीमा बढ़ा कर वर्ष 20 24 की गई. इस ब्रिज के निर्माण में 99.30 मीटर लंबा दो गर्डर बिठाया जाना है. जिसके लिए मेगा ब्लाक लेना पड़ेगा. पहला गर्डर बिठाने के लिए मनपा की तरफ से रेलवे को प्रस्ताव भेजा गया है. पहला गर्डर बिठाने के 6 माह बाद दूसरा गर्डर बिठाया जाएगा. पुल के पूर्व एवं पश्चिम की तरफ अन्य काम को वर्ष 2024 तक पूरा होना है.

# पवई आईआईटी आत्महत्या मामला

## आरोपी को विशेष अदालत से जमानत




**मुंबई** : सत्र न्यायालय के विशेष एससीएसटी अदालत ने पवई आईआईटी मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी को जमानत दे दी है। आरोपी ने कोर्टमें दावा किया था कि आत्महत्या के लिए उकसाने का कोई डायरेक्ट संबंध नहीं आया है। वह छात्र है और उसका जीवन प्रभावित होने का हवाला दिया है। इन सभी मुद्दों को ध्यान में रखते हुए उसे जमानत दे दी गई है। अपराध शाखा ने मामले की जांच करते हुए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्र अरमान खत्री को जमानत दे दी है। खत्री के वकील दिनेश गुप्ता के मुताबिक 25 हजार रुपये की नकद जमानत दी गई है। इसके अलावा सप्ताह में दो दिन पुलिस थाने में आकर हाजिर होने के लिए कहा है। दर्शन सोलंकी की आत्महत्या के बाद पवई पुलिस मामले की जांच कर रही थी। लेकिन पवई पुलिस के हाथ कुछ खास न लगने के कारण जांच एसआईटी को दी गई। एसआईटी ने जांच करते हुए खत्री को गिरफ्तार किया था। मामले की जांच एसआईटी अभी भी कर रही है। एसआईटी की जांच में दावा किया गया है कि सोलंकी के कमरे में एक लाइन का सुसाइड नोट मिला था। जिसमें लिखा था कि ह्लअरमान ने मुझे मार डालाह्व इसीके बाद एसआईटी ने खत्री को मामले में गिरफ्तार किया था। खत्री पर संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज किया गया था। अरमान की धमकी के बाद सोलंकी डरा हुआ था। पुलिस के मुताबिक, मौत से दो दिन पहले सोलंकी ने खत्री के साथ बातचीत में कथित तौर पर सांप्रदायिक टिप्पणी की थी, जिसके बाद खत्री ने सोलंकी को पेपर कटर से धमकी दी थी। खत्री के वकील गुप्ता ने अदालत के सामने पक्ष रखते हुए कहा कि खत्री को निशाना बनाया गया है और उसे फसाया जा रहा है। आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का सीधे कोई सबूत पुलिस के पास नहीं है। इसके अलावा मातापिता द्वारा दी गई शिकायत का भी जिक्र करते हुए कहा गया कि उसमें खत्री पर कोई आरोप नहीं है। इसके अलावा खत्री का कोई आपराधिक पृष्ठभूमि भी नहीं है, वह एक छात्र है और कैद में रहने से उसका जीवन प्रभावित हो सकता है। इन सभी दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने यह फैसला लिया गया है।

# सरकारी आईटीआई के विद्यार्थियों को प्रतिमाह दी जाएगी 500 रुपये




**मुंबई।** राज्य के सरकारी आईआईटी विद्यार्थियों को विद्या वेतन के रूप में प्रतिमाह 500 रुपए देने का निर्णय सरकार ने लिया है. शनिवार को राज्य के कौशल विकास और रोजगार उद्यमिता मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने इसकी घोषणा की. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भविष्य में क्या करना है इसकी पूरी जानकारी मिल सके इसके लिए सरकार ने आईआईटी के सभी विद्यार्थियों को घर बैठे 500 रुपए प्रतिमाह देगी। उन्होंने कहा कि कौशल विकास विभाग के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय के माध्यम से छत्रपति शाहू महाराज युवा शक्ति करियर कैंप का आयोजन राज्य के सभी जिलों एवं 288 विधानसभा क्षेत्रों में किया जा रहा है.लोढ़ा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में औद्योगिक और कॉरपोरेट जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कई बदलाव हुए हैं. उन परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए, इस क्षेत्र में बहु-कुशल नौकरियां व्यापक रूप से उपलब्ध हो गई हैं। लेकिन कई लोगों को यह नहीं पता होता है कि इस हुनर का प्रशिक्षण कहां से मिलेगा, इसके प्रशिक्षण संस्थान कहां हैं, प्रवेश प्रक्रिया कैसी है। इसलिए कई युवक-युवतियां पारंपरिक शिक्षा और प्रशिक्षण लेते नजर आते हैं। कौशल विकास विभाग ने इन युवाओं के लिए भविष्य के विभिन्न नए क्षितिज खोलने, उन्हें नए पाठ्यक्रमों और कौशल से अवगत कराने की पहल की है। इसके लिए राज्य में छत्रपति शाहू महाराज युवा शक्ति करियर कैंप का आयोजन 6 मई से 6 जून 2023 तक किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से छात्रों को उपलब्ध करियर के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी जाएगी। इसमें छात्रों, युवाओं और अभिभावकों को भी करियर काउंसलिंग की जाएगी। उन्होंने इस अवसर पर राज्य के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों, युवाओं एवं अभिभावकों से अपील की कि वे इन शिविरों में भाग लेकर विभिन्न शैक्षणिक, व्यावसायिक आदि के बारे में जानकारी ले.




# नालों में फेका जाने वाला कचरा बना समस्या



**मुंबई।** मनपा अतिरिक्त आयुक्त पी वेलारासु शनिवार को मुंबई के पूर्व उपनगर और शहर भाग के नालों का जायजा लिया। मनपा अतिरिक्त आयुक्त ने कहा नालों में रोजाना फेके जाने वाले कचरे बड़ी समस्या है।नालों में कचरा न फेका जाए इसको लेकर छोटे नालों में जाली लगाने और बड़े नालों को ऊपर से कवर लगाने का विचार मनपा प्रशासन कर रहा है। मनपा अतिरिक्त आयुक्त ने इसको लेकर मनपा कचरा विभाग के अधिकारियों के साथ तत्काल बैठक करने का आदेश दिया। बता दे कि मानसून के समय शहर में पानी भरे इस समस्या से निपटने के लिए मनपा नालों की सफाई कर रही है।नालों की सफाई करने के बावजूद नालों में रोजाना फेके जाने वाले थमोकौल, प्लास्टिक बैग, फर्नीचर, रबर, रैपर आदि मनपा के लिए समस्या बन गई है। मनपा अतिरिक्त आयुक्त ने इस समस्या से निपटने के लिए घनकचरा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर नालो में कचरा न फेका जाए इसको लेकर उपाय योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। कचरे को नालों में जाने से रोकने के उपाय करने के लिए आवश्यक रूप से निविदा प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। मनपा अतिरिक्त आयुक्त के साथ इस दौरान उपायुक्त (इन्फ्रास्ट्रक्चर) उल्हास महाले, मुख्य अभियंता (प्रभारी) (स्टॉर्म ड्रेन) प्रकाश सावरडेकर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# संविधान के रक्षा के लिए बनी है महाविकास आघाडी -आदित्य ठाकरे

## तानाशाही के खिलाफ लड़ाई हमारी जारी रहेगी

**मुंबई।** पिछले कुछ महीनों से राज्य की राजनीति का माहौल गरमाया हुआ है, कभी राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार के भाजपा में जाने की तो कभी राकांपा प्रमुख शरद पवार अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना अब पूर्व पर्यटन मंत्री और युवासेना प्रमुख आदित्य ठाकरे ने राज्य की एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस की सरकार पर जमकर प्रहार किया। एक दिवसीय माथेरान दौरे पर गए आदित्य ठाकरे मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि देश के संविधान को बचाने के लिए महाविकास आघाड़ी बनी है. देश के संविधान की रक्षा करने के लिए हम राकांपा -कांग्रेस के साथ मिलकर महाविकास आघाडी की स्थापना की है. आदित्य ठाकरे ने कहा कि देश




जहाँ -जहां तानाशाही शुरू है वहां -वहा उसके खिलाफ हमारी लड़ाई शुरू है और आगे जारी रहेगी। बारसु में रिफाइनरी परियोजना पर सरकार को घेरते हुए युवासेना प्रमुख ने केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बयान के सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा कि ऐसे नेता को हम महत्व नहीं देते। बारसु में उद्धव ठाकरे के सभा को प्रशासन ने अनुमति नहीं दी इस सवाल पर आदित्य ठाकरे ने कहा कि सभा के लिए अनुमति नहीं देना सत्तावादी अत्याचार को दिखा रहा है जो गैर-संवैधानिक सरकार अपने नागरिकों पर थोप रही है। अगर इतनी अच्छी परियोजना है तो लाठीचार्ज और आंसू गैस की जरूरत क्यों है? पालघर में आदिवासी महिलाओं को उनके घरों से निकाल दिया गया। बारसू में यही हो रहा है।.

राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार के मुख्यमंत्री बनने की चल रही चर्चा पर आदित्य ठाकरे ने कहा कि महाविकास आघाडी में अभी तक मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है. सत्ता के लिए गद्दारी कर लोग इक्क्ठा होने वाले लोगो में से हम नहीं है.

# होटल में चल रहे वैश्या व्यवसाय का पदार्फाश

**मुंबई :** मुंबई से सटे हुए भाईंदर इलाके में स्थित उत्तन के एक होटल में चल रहे वैश्याव्यवसाय का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में होटल का मालिक, मैनेजर और वेटर शामिल है। सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी होटल में आनेवाले व्यक्तियों को लड़कियां उपलब्ध कराते थे जो कानून के हिसाब से अपराध है। दरअसल पुलिस को जानकारी मिली थी कि उत्तम इलाके में मैक्स वेलकम हॉलीडे हाउस गेस्ट हाउस नामक होटल में वेश्यावृत्ति का व्यवसाय धड़ल्ले से चल रहा है। जिसके बाद पुलिस ने नकली ग्राहक भेजकर खबर पक्की होने की पुष्टि की और फिर ग्राहक को होटल में भेजा, बातचीत के बाद नकली ग्राहक को मोबाइल पर लड़कियों का फोटो दिखाया गया। इसके बाद जिस लड़की को पसंद किया गया उसे होटल में काम करने वाले व्यक्ति ने बुला लिया। जिसके लिए उनसे पैसे भी लिए गए। जैसे ही भेजे गए नकली ग्राहक ने पुलिस को पैसे लिए जाने का संकेत दिया, तभी एंटी 'ूमन ट्रैफिकिंग सेल के पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने होटल पर छापेमारी कर दी। जिसमें





लड़की आरोपियों के चंगुल से छुड़ा लिया गया है।

### होटल मालिक की गिरफ्तारी

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस को शक है कि न्यू पूरा वेश्यावृत्ति का व्यवसाय मालिक और मैनेजर के साथ घाट से ही चलता था इसलिए पुलिस ने होटल के मालिक समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम मैक्सवेल मार्शल डिसूजा (मालिक), नेविल जेरोम डिसूजा (जनरल मैनेजर), विजय कालेश्वर (मैनेजर), रामलाल उर्फ कुबरु महतो, मेघलाल महतो, अशोक कुमार सिंह और हेमलाल विरो महतो नामक वेटर को गिरफ्तार किया गया है।

### होटल से चलता था व्यवसाय


जानकारी के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति होटल में जाता था और वहां मौजूद वेटर और मैनेजर से लड़की उपलब्ध कराने की मांग करता था, तब आरोपी पहले लड़कियों का फोटो ग्राहकों को दिखाता था। इसके बाद जो लड़की पसंद होती थी उसे बुला लिया जाता था। कमरे का भाड़ा और लड़की के लिए जो मूल्य तय किया गया है, वह पूरा पैसा होटल में ही जमा कर लिया जाता था। जिसके बाद लड़की को उस कस्टमर के साथ भेज दिया जाता था।

### वेटरों के पास होता था लड़कियों का फोटो

जब कोई ग्राहक होटल में पहुंचता और लड़की की मांग करता था। तब यहां उपलब्ध कराई जाने वाली लड़कियों की फोटो वेटरों के पास होती थी। वेटर वही फोटो दिखा कर लड़कियों का चयन करवाते थे और फिर पसंद आने पर उसका रेट तय किया जाता था। रेट तय होने के बाद फिर उस लड़की को फोन कर बुलाया जाता था।

# मीठी नदी का कीचड़ निकालने तीन शिफ्ट में चल रहा काम

## मशनरी बढ़ी, प्रतिदिन डंपर के 300 चक्कर




**मुंबई :** वर्ष 2005 की पुनरावृत्ति रोकने के लिए मनपा कमर कस ली है। मनपा प्रशासन ने मीठी नदी का कीचड़ निकालने के लिए ठेकेदार तीन पालियों में दिन-रात काम कर रहे हैं. इसके अलावा कीचड़ निकालने के लिए मशीनरी बढ़ा दी गई है. कीचड़ ढोने वाले डंपर एक दिन में 300 चक्कर लगा रहे हैं। वर्तमान में प्रतिदिन करीब 4500 मीट्रिक टन कीचड़ निकाला जा रहा है। मनपा प्रशासन ने विश्वास जताया है कि मानसून से पहले मीठी नदी की सफाई का काम पूरा हो जाएगा। अभी तक 50 प्रतिशत कीचड़ निकाला जा चुका है।

मीठी नदी जो मुंबई कि भांडुप फि ल्टर पाड़ा-विहार तलाव से निकलती है. ,यह मुंबई की एक महत्वपूर्ण नदी है। वर्ष 2005 में आई प्रलयकारी बाढ़ के दौरान मीठी नदी परिसर सबसे अधिक नुकसान हुआ था जिसमे जानमाल का भी नुकसान हुआ था। मनपा हर साल मानसून पूर्व मीठी नदी की सफाई पर विशेष ध्यान देती है। मीठी नदी पूर्वी उपनगर आरे कॉलोनी, कुर्ला, बांद्रा के क्षेत्र से होकर 17.80 किमी दूरी तक बहती है और माहिम खाड़ी के पास समुद्र में मिल जाती है। मनपा बारिश के दौरान हाई टाइड के समय मीठी नदी में होने वाले उफान के दौरान समुद्र का पानी शहर में आ जाता है जो कि बारिश के समय बड़ी हानि होने की अधिक संभावना बनी रहती है इसी समस्या से निपटने के लिए मनपा मानसून पूर्व नदी की सफाई करती है।

# पैसे कमाने के चक्कर में महिला ने गंवाए पैसे, पुलिस जांच में जुटी

**मुंबई :** पार्ट टाइम नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। आरोपी ने महिला को कहा कि इंस्टाग्राम पर वीडियो देखकर उसे लाइक करना है। वीडियो लाइक करने से उन्हें दिन के 8 हजार रुपये कमाने का झांसा दिया गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जांच की और एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक विरल गोगरी (33) जो एक गृहिणी है, उनको कुछ दिन पहले वाट्सअप पर एक मैसेज आया, जिसमें लिखा था कि मेरा नाम निधि शर्मा है मैं एचआर वीप्रोडिगी से हूं। क्या आप नौकरी की तलाश में हैं। इस मैसेज को पढ़कर गोगरी ने अपने जवाब में पूछा कि काम क्या है? तभी इसके जवाब में गोगरी को बताया गया कि वह इंस्टाग्राम के लिए काम करती हैं। महिला



ने गोगरी को बताया कि इंस्टाग्राम लिंक और अकाउंट फॉलो करने का काम है। इसमें इंस्टाग्राम के लिंक को लाइक करने के लिए पैसे दिए जाएंगे। शर्मा ने गोगरी से कहा कि उसे रोजाना 24 टास्क दिए जाएंगे और अगर वह इन सभी टास्क को पूरा कर लेती है, तो वह एक दिन में 8,000 रुपये कमा लेगी।

वाट्सअप पर महिला को मैसेज आया था कि वह दिन के आठ हजार रुपये कमा सकती है। गोगरी ने इसपकर सहमति दिखाई तब से लगातार वाट्सअप पर मैसेज आना शुरू हो गया। इसके बाद व्हाट्सएप पर गोगरी को एडिडासइंडिया नाम की एक आईडी भेजी गई और कहा गया कि इसे इंस्टाग्राम पर सर्च करो और लाइक करके इसका स्क्रीन शॉट भेजो। गोगरी ने इंस्टाग्राम पर उस आईडी को पाया और उसे पसंद किया और उसका स्क्रीन शॉर्ट उसे भेज दिया।

गोगरी को फोन करनेवाले कॉलर ने गोगरी की यूपीआई आईडी मांगी जो उसने दी और इंस्टाग्राम पर एक कार्य पूरा करने के लिए उसके खाते में 150 रुपये जमा कर दिए गए। इसके बाद गोगरी को कुछ और काम दिए गए और गोगरी ने ये सारे काम पूरे किए और पैसा उसके बैंक खाते में जमा होता गया। इसके बाद गोगरी से पूछा गया कि क्या वह कोई और काम चाहती हैं। तभी गोगरी ने हां में जवाब दिया।

# आइसक्रीम खाने में मजा तो आता है मगर इसके नुकसान जान लीजिए, फिर खाने से पहले सोचेंगे!



गर्मियां शुरू हो गई हैं. तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार करने लगा है. इतनी गर्मी पडने पर बॉडी गर्म होने लगती है. बॉडी का तापमान बढने लगता है. लोग ठंडा रहने के लिए ठंडा पानी पीते हैं या फिर आइसक्रीम खा लेते हैं. ठंडे पेयपदार्थ पीना भी लोग पसंद करते हैं. वहीं कुछ लोग अधिक ठंडा होने के चक्कर में एक दो नहीं, कई सारी आइसक्रीम खा जाते हैं. यदि आप गर्मियों में इतनी आइसक्रीम खा रहे हैं या इन्हें खाने के शौकीन हैं तो इसके नुकसान भी जान लें.

कई स्टडी में सामने आया है कि आइसक्रीम में बहुत अधिक शुगर और कैलोरी होती है. यह शरीर में फैट को बहुत तेजी से बढ़ाने का काम करती है. इससे मोटापा तो आता है, साथ ही कई और बीमारी होने का खतरा रहता है. विशेषज्ञों का कहना है कि यदि 3 से 4 आइसक्रीम हर दिन खा लेते हैं तो इससे 1000 से अधिक कैलोरी बॉडी को मिल जाती हैं. यह बेहद परेशान करने वाला है.

आइसक्रीम में सैचुरेटेड फैट पाया जाता है. इससे बॉडी ट्राइग्लिसराइड्स और कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ता है. इससे जहां मोटापे की समस्या बढ़ती है. वहीं, कोलेस्ट्रॉल बढने के कारण हार्ट डिसीज होने का खतरा रहता है. यदि कोई पहले से हाइपरटेंशन का मरीज है तो उसे परेशानी कई गुना अधिक बढ़ सकती है.

एक अध्ययन में सामने आया है कि आइसक्रीम में सैचुरेटेड फैट और चीनी अधिक होता है. इस वजह से यह ब्रेन की प्रक्रिया प्रभावित करती है. इससे मैमोरी पॉवर कमजोर होती है. कम से कम आइसक्रीम खाने की कोशिश करनी चाहिए.

जिन लोगों का डायबिटिक लेवल बॉर्डर पर है या फिर डायबिटीज हैं. उन्हें आइसक्रीम नहीं खानी चाहिए. जिनके जेनेटिक डिसऑर्डर बना हुआ है. उन्हें भी आइसक्रीम खाने से बचना चाहिए।

# तुरंत सीपीआर से ही बचेगी जिंदगी

पिछले कुछ महीनों से हंसते-गाते, चलते-फिरते लोगों की अचानक मौत के समाचार मिल रहे हैं। कोई डांस करते-करते तो कोई गाते-गाते अचानक गिरकर बेहोश हो गया और कुछ ही मिनटों में उसकी जान चली गई। पिछले दो-तीन दिन में कुछ ऐसे हादसे सामने आए हैं, जिन्होंने हमें सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर हमारी जान का दुश्मन कौन है। हृदय रोग विशेषज्ञ इसे सडन कार्डियक अरेस्ट मान रहे हैं। जानिये सडन कार्डियक अरेस्ट क्या है, इसके बारे में विशेषज्ञ की राय। सडन कार्डियक अरेस्ट कभी भी हो जाता है। कार्डियक अरेस्ट होने पर हार्ट के इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी आ जाती है। इस दौरान दिल अचानक काम करना बंद कर देता है और हार्ट के सभी फंक्शन रुक जाते हैं। दिल के अचानक काम बंद करने से ब्रेन, लंग्स समेत अन्य महत्वपूर्ण अंगों तक ब्लड नहीं पहुंच पाता। ऐसे में मरीज की पल्स बंद होने लगती है और उसे बेहोशी आ जाती है। इस स्थिति में मरीज को तुरंत सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटैशन) देना चाहिए और समय पर अस्पताल पहुंचाएं। मरीज को समय पर इलाज नहीं मिला तो कुछ ही मिनटों में उसकी मौत हो जाती है। सडन कार्डियेक अरेस्ट (एससीए) आने पर दिल की धड़कनें बहुत तेज हो जाती हैं। इस अनियमित हार्टबीट को मेडिकल लैंग्वेज में एरिथमिया कहते हैं। एरिथमिया में खून पंप करने वाले हार्ट चैंबर में कंपन होती है, जिससे दिल की धड़कनें अनियमित हो जाती हैं। एससीए हृदय की ऐसी स्थिति है जिसमें धड़कनें सामान्य (60-100 प्रति मिनट) से 300-400 तक हो जाती हैं और ब्लड प्रेशर अचानक गिरने लगता है। साथ ही हृदय की विद्युतीय तरंगों में अनियमितता आ जाती है। ऐसे में हृदय की पंपिंग प्रक्रिया प्रभावित होने से रक्त अन्य अंगों तक नहीं पहुंचता है। हार्ट अटैक के ज्यादातर मामलों में एससीए वजह नहीं होता, लेकिन सडन कार्डियक अरेस्ट के अधिकतर केस हार्ट अटैक के कारण हो सकते हैं। रोग का कारक हृदय की धमनियों में असमानता है। आनुवंशिक रूप से यदि किसी के परिवार में 50 से कम उम्र में ही एससीए की वजह से मौत हुई हो उनमें इसकी आशंका ज्यादा होती है। जिन्हें कोरोनरी आर्टरी डिजीज की वजह से हार्ट अटैक हुआ हो या डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, धूम्रपान व शराब पीने वालों को इसका अधिक खतरा रहता है। सडन कार्डियक अरेस्ट के रोग में पहले कोई खास संकेत नजर नहीं आते और मरीज की धड़कनें किसी भी समय अनियमित हो सकती हैं। एससीए के तुरंत बाद 3-6 मिनट में सीपीआर (हाथों से दबाव बनाना) या इलेक्ट्रिक शॉक न दिया जाए तो अवस्था जानलेवा हो सकती है।

# स्ट्रॉबेरी को इन 5 रेसिपी के जरिए डाइट में करें शामिल

## स्वास्थ्य के लिए है लाभदायक

खट्टे-मीठे स्वाद से भरपूर स्ट्रॉबेरी का इस्तेमाल अक्सर डेजर्ट और स्मूदी में किया जाता है। यह फल न सिर्फ इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करता है, बल्कि हृदय को स्वस्थ रखने और शरीर को कैंसर जैसी घातक बीमारियों से बचाने में भी सहायक है। ऐसे में इसे अपनी डाइट में शामिल करना लाभदायक है। आइए हम आपको 5 ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिनके जरिए आप स्ट्रॉबेरी को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

कुछ स्ट्रॉबेरी को थोड़ी चीनी के साथ ब्लेंडर में डालें और जब तक चिकना पेस्ट न बन जाए तब तक इसे ब्लेंड करते रहें। अब थोड़ी-सी क्रीम को फेंट लें और उसमें थोड़ा-सा स्ट्रॉबेरी का मिश्रण मिलाएं। इसके बाद एक गिलास में बाकि स्ट्रॉबेरी का पेस्ट डालें, फिर ऊपर से क्रीम डालें। इसी तरह मिश्रण की 3-4 लेयर बना लें। अंत में इस पर स्ट्रॉबेरी गार्निश करें और कुछ देर के लिए फ्रिज में रख दें, फिर इसका सेवन करें।

इसे बनाने के लिए सबसे पहले ब्लेंडर में स्ट्रॉबेरी, नींबू का रस, कुछ तुलसी के पत्ते और शहद को डालकर अच्छे से ब्लेंड करें, फिर इस मिश्रण को कुल्फी के सांचे में भरकर फ्रिज में रख दें। इसके बाद जब आपको कुल्फी खानी हो तब सांचे को गर्म पानी में हल्का-सा डुबोकर कुल्फी को निकालकर उसका जायका लें। आप चाहें तो कुल्फी की इन 5 रेसिपी को भी ट्राई कर सकते हैं।

केक के टिन को मक्खन से चिकना करें, फिर इसमें चॉकलेट बिस्कुट का चुरा डालकर चम्मच से दबाएं। इसके बाद टिन को 30 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। अब आवश्यकतानुसार स्ट्रॉबेरी को मिक्सी में पीसें, फिर इसे एक बड़े कटोरे में क्रीम चीज, सॉर क्रीम और चीनी के साथ अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को केक के टिन में डालें, फिर इसे ओवन में 50-55 मिनट के लिए बेक करके इसका स्वाद लें।

गर्मी का मौसम आ गया है और ऐसे में कुछ रिफ्रेशिंग पीने की इच्छा सबसे ज्यादा रहती है। स्ट्रॉबेरी और तुलसी का सोडा आपको भरपूर ऊर्जा देने के साथ सक्रिय रखने में भी मदद कर सकता है। इसे बनाने के लिए स्ट्रॉबेरी, शहद, तुलसी के पत्ते, संतरे का जूस और बाल्समिक सिरका मिलाकर ब्लेंड करें। अब इसमें सोडा पानी और बर्फ डालकर इसे परोसें औक खुद भी इसका आनंद लें। सबसे पहले एक कटोरे में मैदा, बेकिंग पाउडर और दालचीनी मिलाएं। अब एक जग लें और उसमें सोया दूध, वेनिला अर्क और दही को डालकर अच्छे से मिलाएं, फिर इसमें मैदे वाला मिश्रण मिलाएं। इसके बाद मिश्रण की एक करछी को तेल लगे तवे पर डालें और इसे धीमी आंच पर सुनहरा भूरा होने तक पकाएं। इसी तरह पूरे मिश्रण से पैनकेक बनाकर इनके ऊपर स्ट्रॉबेरी प्यूरी डालें और ताजी स्ट्रॉबेरी को गार्निश करके इसे परोसें।





# महल रोड से ठेले हटवाकर फुटपाथ खाली कराए गए

**शिवपुरी।** मुख्य बाजार व सड़कों के फुटपाथ पर लगने वाले ठेलों को हटाकर पुरानी अनाज मंडी में शिफ्ट करने की कार्रवाई गुरुवार से प्रारंभ हो गई है। नगर पालिका शिवपुरी ने प्रशासन व तीन थानों की पुलिस की मदद से 150 से अधिक ठेले वालों को फुटपाथ से हटा दिया है। सब्जी, फल, कपड़े व चाट दुकानें लगाने वाले ठेला दुकानदारों को नगर पालिका ने स्पष्ट कर दिया है कि अब अनाज मंडी में ही दुकानदारी करें। कार्रवाई के दौरान हल्का विरोध भी रहा। जानकारी के मुताबिक नगर पालिका के अधिकारी अमला लेकर कोर्ट रोड पहुंच गए। तीन थाने कोतवाली, फिजीकल और ट्रैफिक पुलिस की मदद से गुरुवार की सुबह 8 बजे से कार्रवाई प्रारंभ की गई। इस दौरान शिवपुरी तहसीलदार भी मौजूद रहे। नगर पालिका ने सभी फल, सब्जी व चाट ठेला लगाने वाले दुकानदारों को पुरानी अनाज मंडी में ठेले सहित दुकान शिफ्ट करने के निर्देश दिए। कोर्ट रोड, अस्पताल के सामने, अग्रसेन चौक, महल रोड सहित पोलो ग्राउंड के आसपास लगने वाले ठेलों को हटवा दिया है। ठेले हटाने के दौरान दो महिला दुकानदार विरोध करने लगीं। एक महिला तो सड़क पर बैठ गए। समझाने पर महिला बात मान गई। कार्रवाई दोपहर 2 बजे तक लगी। इसके बाद शाम 5 बजे न्यू ब्लॉक और मिर्ची बाजार क्षेत्र में भी जाकर ठेले हटवाए।नगर पालिका द्वारा कोर्ट रोड व गर्ल्स स्कूल की बाउंड्री किनारे ठेले हटवा दिए। किसी भी सूरत में ठेले नहीं लगने दिए।

# 35 करोड़ में विधायकी बेच अब पाक साफ बन रहे मुन्नालाल : महापौर

**ग्वालियर।** महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा है कि भाजपा नेता मुन्नालाल गोयल झूठ, फरेब और आम जन को गुमराह करने की राजनीति करते हैं, उन्होंने कभी भी गरीब जनता की भलाई के लिये कोई काम नहीं किया है। मैंने मेयर-इन-काउसिंल में केदारपुर की आदर्श आवासीय कॉलोनी के पुर्नवास हेतु मेयर-इन-काउसिंल में 20 सितम्बर 2022 को न केवल टेण्डर प्रक्रिया को पूरा किया, बल्कि टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग और कलेक्टर को पत्र लिखकर आवश ?यक जानकारियां भी मांगी है। मैंने गरीबों के आवास के इस



प्रकरण को पूरी गंभीरता के साथ लिया और इसमें चाही गई जानकारी प्राप्त होते ही शेष प्रक्रिया को पूरा किया जायेगा। भाजपा के नेता द्वारा बगैर किसी जानकारी के मिथ्या आरोप लगाये जाते है, यह उनकी बौद्धिक क्षमता को दर्शाता है। मैं काम करने में विश ?वास रखती हूँ, अभी हाल ही में मैंने सिंधिया नगर में अपनी निधि से सड़कों के निर्माण के लिये भूमिपूजन किया था, लेकिन श्री गोयल अनाधिकृत रूप से मेरे द्वारा किये जा रहे कार्य का भूमिपूजन करने पहुँच गये। इससे साफ है कि इनके द्वारा विकास कार्यो में बाधा डालना इनकी आदत में शुमार है। मैं यह भी बताना चाहती हूँ कि उपचुनाव के दौरान भाजपा सरकार ने अनेक विकास कार्यों की घोषणायें कि और इसके लिये 17 करोड रूपये से अधिक राशि सरकार द्वारा जारी की गई जो कि चुनाव हारने के बाद श्री गोयल ने वह राशि शासन को वापस करा दी। जबकि ग्वालियर विधानसभा को दी गई राशि में से कोई राशि वापस नहीं ली गई। इससे इनका विकास विरोधी चेहरा उजागर होता है। महापौर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा में कौन भूमाफिया हैं, अगर मैंने मुँह खोला तो श्री गोयल की बोलती बंद हो जाएगी, और श्री गोयल क्या कर रहे हैं सबको पता है।

# कैट मध्यप्रदेश के जिला अध्यक्ष एवं सचिवगणों का सम्मेलन 6 मई को ओरछा में

**ग्वालियर ।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इडिया ट्रडर्स (कैट) मध्यप्रदेश के प्रदेश के समस्त जिलों के जिला अध्यक्ष एवं सचिवगणों का सम्मेलन 6 मई को कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खण्डेलवाल के मुख्य आतिथ्य में डीआईजी छतरपुर ललित शाक्यवार के विशिष्ट आतिथ्य में ओरछा जिला निवाडी में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय पटवारी, भोपाल चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली भी सम्बोधित करेंगे। कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने बताया कि जनवरी में कैट मध्यप्रदेश की दो वर्षीय नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ तत्पश्चात सभी जिलों के नवीन जिला अध्यक्ष एवं सचिव बनाये गये और उनका एक दिवसीय सम्मेलन 6 मई को ओरछा में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में प्रदेश संगठन मंत्री गोविन्ददास असाटी, प्रदेश महामंत्री रवि गुप्ता, राजेश अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन मलिक, पवन जैन, महेश माहेश्वरी अपना उदबोधन देंगे।










# युवा मोर्चा दतिया मंडल ने लगाई युवा चौपाल

**दतिया।** युवा मोर्चा ने दतिया नगर मंडल में लगाई युवा चौपाल भाजपा जिला महामंत्री विपिन गोस्वामी ने युवा चौपाल में उपस्थित युवाओं को किया संबोधित नगर मंडल के वार्ड क्रमांक 4,16,18 के युवा* चौपाल कार्यक्रम में रहे मौजूद इस मौके पर युवा मोर्चा जिला प्रभारी अतुल भूरे चौधरी जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह जिला महामंत्री रिंकू बुंदेला जिला उपाध्यक्ष संघर्ष यादव जिला उपाध्यक्ष कपिल सेजवार आविद खान जीतू सेन संतोष साहू राघवेंद्र सक्सेना रोहित परिहार टिंकू खटीक गोलू सक्सेना जीतेन्द्र राजपूत सुनील श्याम खटीक दीपक खरे पंकज अहिरवार राहुल साहू उमेश सेन उमेश परिहार रिंकू खटीक निखिल खटीक रवि राजपूत निहाल खटीक धीरज शर्मा अभिषेक खटीक राजवीर कुशवाह टुनटुन गुरु राजकुमार राजपूत सोनू कुशवाह चंदन वर्मा दीपू यादव मनोज राजपूत कपिल खटीक कुणाल खटीक सागर प्रोहित विशाल मेवाफरोस कमलेश खटीक अंकित यादव दीपक खटीक सुनील कुशवाह राहुल श्रीवास्तव सुरेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा चौपाल कार्यक्रम में युवा रहे मौजूद।

## स्मार्ट सिटी व अमृत योजना की शिकायत ईओडब्ल्यू

**ग्वालियर।** ग्वालियर की महापौर डा. शोभा सतीश सिकरवार ग्वालियर में चल रही स्मार्ट सिटी परियोजना और पेयजल सप्लाई के लिये बनी अमृत योजना के कामों से कतई संतुष्ट नहीं हैं। उनका सीधा कहना है कि इन दोनों परियोजनाओं में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ियां हुई है और भी चल रही हैं। इसलिये वह स्मार्ट सिटी डव्लपमेंट कारपोरेशन व अमृत योजना को लेकर आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, लोकायुक्त और सीबीआई में शिकायत करेंगी। महापौर डा. शोभा सतीश सिकरवार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा, एमआईसी सदस्य अवधेश कौरव ने आज पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि स्मार्ट सिटी व अमृत योजना बेकार की योजनायें और इनमे पानी की तरह पैसा बहाकर व्यापक स्तर पर गड़बड़ी की जा रही हैं।

# प्रेस्टीज प्रबंधन एवं शोध संस्थान का रजत जयंती समारोह टॉक शो के साथ शुरू

**ग्वालियर।** प्रेस्टीज प्रबंधन एवं शोध संस्थान ग्वालियर का रजत जयंती समारोह की शुरूआत एक टॉक शो के साथ की। पीआईएमआर ग्वालियर की रजत जयंती से भारत के अमृत काल तक -एक अभिव्यक्ति विषय पर टॉक शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेस्टीज ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के चेयरमैन डॉ. डेविस जैन युवा उद्यमी, एसोसियेशन ऑफ चार्टड एकाउटेंन्टस ऑफ इंडिया ग्वालियर चेप्टर, लायंस क्लब, जेसीआई, रोटरी क्लब , चेंबर ऑफ कामर्स ग्वालियर, मालनपुर इंडस्ट्रीज एवं समाज सेवी संस्थाओं से गणमान्य अतिथि के साथ छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में




चेयरमैन डॉ. डेविस जैन ने प्रेस्टीज प्रबंधन एवं शोध संस्थान ग्वालियर की स्थापना से लेकर रजत जयंती तक की यात्रा को साझा किया। उन्होंने बताया कि उनके पिता पदमश्री अवार्डी डॉ. नेमनाथ जैन ने शिक्षा को सदैव सर्वोपरी स्थान दिया। उनका कहना था कि शिक्षा का दीपक घर-घर में जलाया जाये तो उसका प्रकाश निसंदेह परिवार में प्रगति अवश्य दिलायेगा। उन्होंने बताया कि उनके बाबूजी ने देश का हमेशा युवा शक्ति के रूप में देखा है और मुझे भी उनसे प्रेरणा मिली कि यदि युवा शक्ति की उर्जा सही दिशा में लगाई जाये तो देश को प्रगति पथ पर आगे बढने से कोई नहीं रोक सकता है।

# बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था ने 31 उत्कृष्ट छात्राओं को सम्मानित किया

ग्वालियर बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था की अध्यक्ष ड़ॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी ने बताया कि आज संस्था द्वारा एफपीए की 31 उत्कृष्ट छात्राओं का सम्मान एफपीए कार्यालय पर किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रदेशकार्य समिति सदस्य कमल माखीजानी अध्यक्षता प्रदेशकार्य समिति सदस्य जयप्रकाश राजौरिया एव विशिष्ट अतिथि डीसी तिवारी,रोहणी भाटे नीलम




दीक्षित कार्यक्रम का संचालन अछेन्द्र सिंह व आभार पूजा राणा ने व्यक्त किया। सर्व प्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ततपश्चात संस्था सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर नीलम दीक्षित ने कहा कि संस्था निरन्तर छात्राओं के लिए कोई न कोई कार्यक्रम करती है जिससे उनका होंशला बढ़ता है,वही डीसी तिवारी ने भी सभी सम्मानित छात्राओ को बधाई दी वही जीआइसीटी की डायरेक्टर रोहणी भांटे ने कहा कि जो भी छात्राएँ बेटी है तो कल है संस्था के तहत महाविधालय में एडमिशन लेंगी उनके लिए फीस में विशेष छूट प्रदान की जाएगी।




# निपुण भारत मिशन को लेकर बीआरसी जखौरा में आयोजित हुई कार्यशाला

## कार्यशाला में शिक्षकों के समक्ष आ रही समस्याओं का किया गया समाधान




**ललितपुर।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्रभावी संवाद मॉड्यूल के द्वारा विद्यालयों से समस्याओं का चिन्हीकरण कर संबंधित समस्याओं को चर्चा हेतु संबंधित अध्यापकों को बीआरसी जखौरा पर बीईओ जमील अहमद के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। महानिदेशक स्कूली शिक्षा के निर्देशों के क्रम में अध्यापको द्वारा स्वयं की विशेषताओं से अवगत होना।

शैक्षणिक वातावरण एवं पीयर लर्निंग के अवसर, महत्वाकांक्षा, इमोशनल इंटेलिजेंस, शिक्षक, विद्यार्थी आत्मीय संबंध, निरंतर पेशेवर विकास से संबंधित 18 प्रश्नों के एक प्रश्नोत्तरी को सुपोर्टिव सुपर विजन ऐप में जोड़ा गया है।

उक्त के माध्यम से प्राथमिक विद्यालय रोड़ा नंबर एक, प्राथमिक विद्यालय कारीपहाड़ी, प्राथमिक विद्यालय खैरों में समस्याएं ऑनलाइन प्राप्त हुई। जिसके समाधान हेतु विद्यालय के समस्त स्टाफ को बीआरसी जखौरा पर आयोजित कार्यशाला में बुलाकर समस्याओं का समाधान किया गया। प्राथमिक विद्यालय रोड़ा नंबर एक के अध्यापकों के मध्य टीम भावना से कार्य न होना, निपुण भारत मिशन की जानकारी न होना एवं ट्रैकर को किस प्रकार भरा जाना संबंधी बिंदुओं पर खंड शिक्षा अधिकारी जमील अहमद ने विस्तृत चर्चा कर प्रमुख बिंदुओं का समाधान किया।

ब्लॉक जखौरा के समस्त एआरपी ने बैठक में समस्याओं के समाधान पर चर्चाओं की। इस दौरान एआरपी प्रफुल्ल जैन, सुरेंद्र कुमार, राजेश कुमार वर्मा, ललिता खैर, शैलेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# प्रस्तावक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**ललितपुर।** हाल ही में संपन्न हुयी मतदान प्रक्रिया के बाद अब शहर के वार्ड संख्या 23 के निवर्तमान पार्षद जहीर खान रानू ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुये आरोप लगाया कि सत्तादल से प्रत्याशी के प्रस्तावक मतदाताओं को धमकाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस मामले को प्रशासन द्वारा संज्ञान लिये जाने की मांग उठायी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि जिले में जहां एक और सकुशल नगर निकाय चुनाव संपन्न कराया गया। वही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो कि वार्ड नंबर 23 से पार्षद प्रत्याशी के प्रस्तावक का बताया जा रहा है जिसमें यह प्रस्तावक कुछ वोटरों को धमकाते हुए दिख रहा है। उन्होंने लिखा कि वीडियो में साफ-साफ बोलता नजर आ रहा है कि अगर हमारे खेत से तुम्हारे जानवर या तुम निकले तो गर्दन काट दी जाएगी, यह तुम्हारा आज आखिरी दिन है। उन्होंने लिखा कि प्रशासन को इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए और ऐसी वीडियो वायरल होना भी चिन्ता का विषय है। उन्होंने सोशल मीडिया पर उक्त व्यक्ति की पहचान उजागर करते हुये प्रशासन से कार्यवाही की मांग उठायी है।



बुद्ध पूर्णिमा विशेष

# भगवान बुद्ध ने उस जाति को तोड़ा, जो मनुष्य को, मनुष्य से अलग करती थी



**ललितपुर।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि श्रावस्ती की सभा में बुद्ध के शिष्यों ने उनसे सवाल किए यह संसार शाश्वत है या नही? आत्मा-परमात्मा क्या है? क्या बुद्ध मृत्यु से परे हैं? स्वर्ग -नरक कहाँ हैं? बुद्ध ने सुनकर सभी प्रश्नों को अनुत्तरित छोड़ दिया। जबाब में एक नीति कथा सुनाई-मान लो किसी व्यक्ति के शरीर में विष बुझा तीर लगा हुआ है। उसके सम्बन्धी चिकित्सक को बुला लें और घायल व्यक्ति कहें, यह तीर तब तक निकाला जाय, जब तक यह पता न चल जाय कि किस आदमी ने यह तीर मारा है। धनुष पतला है या मोटा, प्रत्यंचा धातु की है या रस्सी की।

घटना के समय कौन कौन प्रत्यक्षदर्शी थे। अब सोचो यह बातें पता ही न चल पायें और आदमी की मौत हो जाए। बुद्ध ने कहा, भंते, जब से मनुष्य धरा पर आये हैं, अपने जीवन में आज तक इतने रोचक हैं कि कदाचित उनके आँसुओं की तुलना में समुद्र का पानी भी कम पड़ जाए। मेरी चिन्ता जीवन की पीड़ा और उससे मुक्ति पाने का मार्ग है। भगवान बुद्ध ने अतिशय त्याग और भोग के स्थान पर मध्यम मार्ग पर जोर देते हुए कहा कि वीणा के तारों को इतना न कसो कि वे टूट जाए और इतना ढीला रखो कि वीणा बजे ही नही। बुद्ध ने जाना कि दुख है तो दुख का कारण भी है।

उसका निरोध भी है। इस निरोध का उपाय भी है। इस दुनिया से अलग कोई और दुनिया नही है। हमें इसी दुनिया में रहकर अभी और इसी क्षण उपाय करना है। बुद्ध का अंतिम उपदेश यही था कि हम अपने अंदर झांक कर देखें, क्योंकि राह दिखाने वाला प्रकाश तुम्हारे अंदर ही है। मल को मल से नहीं धोया जा सकता है और न घृणा को घृणा से मिटाया जा सकता है। यदि कोई ईश्वर है तो अच्छे बन कर ही प्राप्त कर सकते हो।

# तमंचा अड़ाकर दुष्कर्म करने का प्रयास का आरोप

## पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को भेजा शिकायती पत्र

**ललितपुर।** गांव के दबंगों पर तमंचा के बल पर दुष्कर्म करने की कोशिश करने और विरोध करने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। महिला ने मामले की शिकायत सम्बन्धित चौकी पुलिस से की, लेकिन मामले में कार्यवाही न होने से क्षुब्ध होकर अब पीड़िता ने मुख्यालय पहुंच कर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में थाना जखौरा की चौकी बांसी अंतर्गत एक गांव में रहने वाली दलित महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र में अवगत कराया कि बीती 30 अप्रैल को रात करीब 11 बजे उसका पति हाई-वे के पास स्थित चाय की दुकान पर था।

बताया कि रात अधिक होने के कारण वह दुकान पर ही सो गया। बताया कि तभी गांव के कुछ लोग आये और गाली-गलौज करने लगे। आरोप यह भी है कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये कुर्सी उठाकर मार दी, जिससे कुर्सी टूट गयी। महिला का आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म करने की धमकी पति को दी और भाग गये।

बताया कि उसी रात करीब एक घण्टे बाद उक्त व्यक्ति ग्राम हर्षपुर निवासी अपने जीजा के साथ घर में आ धमका। आरोप है कि दबंग ने उसके ऊपर तमंचा तान दिया और बुरी नीयत से पकड़ लिया। शोरगुल होने पर अन्य परिजन जाग गये और चीख-पुकार मच गयी। तभी अंधेरे का लाभ उठाकर उक्त लोग परिवार समेत जान से मारने की धमकी देते हुये भाग खड़े हुये। पीड़िता का आरोप है कि वह किसी प्रकार 4 मई को चौकी बांसी पहुंची, जहां उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गयी। अब पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# एक माह से छापछौल के वाशिन्दे अंधेरे में

## शिकायत करने पर फर्जी निस्तारण करने का आरोप

*महरौनी (ललितपुर)। तहसील क्षेत्र महरौनी के ग्राम छापछौल में एक माह से ग्रामीणों को बिजली देखने के लिये नही मिली है। बिजली खराब होने के कारण ग्रामीण परेशान हो रहे है। इसकी शिकायत टोल फ्री नम्बर के माध्यम से की गई है, लेकिन यहाँ शिकायत का निस्तारण फर्जी तरीके से किये जा रहे शिकायत एक बार नही दो बार की हैं। आरोप है कि दोनों बार ही शिकायत का निस्तारण फर्जी तरीके से किया गया हैं। बिजली नही आने से गांव में निवास कर रहे हजारों लोग परेशान हो रहे हैं। छोटे छोटे बच्चे मच्छर के काटने से विमार हो रहे हैं। मोबाईल चार्ज के लिये भी ग्रामीण परेशान है। बिजली नही आने गांव में चक्की भी नही चल रही हैं जिससे ग्रामीणों को गांव से दूर गेंहू पिसवाने के लिये जाना पड़ रहा हैं। हजारों ग्रामीण परेशान हो रहे है लेकिन बिजली विभाग में बैठे भ्रष्ट कर्मचारियों की बजह से बिजली नही सुधारी जा रही है ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से बिजली ठीक करवाने की गुहार लगाई है।*




# सुकेश चंद्रशेकर ने जैकलीन फर्नांडिस को फिर से लिखा लव लेटर, एक्ट्रेस के बर्थडे पर सरप्राइज देने की कही बात

**200 करोड़** की ठगी के मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर का नाम आए दिन सुर्खियां बटोरता रहता है. सुकेश की वजह से बीते समय में बॉलीवुड की सुपरस्टार जैकलीन फर्नांडिस का नाम भी काफी उछला है. पिछले वक्त में कई बार देखा गया है कि सुकेश जेल से किसी न किसी माध्यम से जैकलीन के लिए लेटर लिखता है. इस बीच अब जैकलीन फर्नांडिस के लिए सुकेश चंद्रशेखर ने नया लव लेटर लिखा है.

खबर के मुताबिक मनी लॉन्ड्रिंग केस को लेकर तिहाड़ जेल में सजा काट कर रहे सुकेश चंद्रशेखर ने अपने वकील अनंत मलिक के जरिए नया लेटर लिखा है. एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के लिए लिखा गया ये लेटर काफी बड़ा है. रिपोर्ट के अनुसार इस लेटर में जैकलीन के लिए सुकेश चंद्रशेखर ने लिखा है कि- 'माई लव, माई बेबी जैकलीन, मैंने हालिया अवॉर्ड शो में आपकी परफॉर्मेंस देखी जोकि वाकई कमाल थी, इसके देखकर मुझे आप पर काफी प्यार आया.

मेरी लाइफ में आप हो इसके लिए मैं खुद को काफी सौभाग्यशाली महसूस करता हूं. आपके बर्थडे को खास बनाने के लिए मैंने एक सुपर प्लान रेडी किया है. मैं पागलों की तरह आपको बेपनाह प्यार करता हूं और मैं ये भी अच्छे से जानता हूं कि आप भी मुझे चाहती हैं. सच के लिए काउंटडाउन की शुरूआत हो गई है. चिंता मत करो.' इस तरह से सुकेश ने जैकलीन फर्नांडिस को लेकर अपने दिल की बात कही है.



जैकलीन फर्नांडिस को लेकर सुकेश चंद्रशेखर की ओर से ये पहला लेटर नहीं है. इससे पहले ईस्टर के मौके पर भी सुकेश ने ऐसा ही एक लेटर जैकलीन के लिए लिखा था. मालूम हो कि 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुकेश चंद्रशेखर मुख्य आरोपी है और उसके साथ संबंध को लेकर जैकलीन फर्नांडिस ईडी की रडार पर रहीं हैं. जिसके चलते इस केस में उनका का भी नाम काफी उछला है.



# लाइका अरोड़ा ने पिंक डीप नेकलाइन ड्रेस में गिराई बिजलियां, देखकर आप भी करेंगे तारीफ

**लाइका** अरोड़ा कहने को 49 साल की है, लेकिन अपनी फिटनेस के चलते वह फिल्म इंडस्ट्री की कई यंग एक्ट्रेसेज को मात देती है।यह कहना गलत नहीं है कि वह अपनी खूबसूरती और स्टाइल की वजह से वो लोगों को अपना दीवाना बना लेती हैं। हाल ही में कुछ ऐसा ही हुआ है। शनिवार को एक मलाइका अरोड़ा मुंबई में एक इवेंट में शामिल हुई। इस दौरान एक्ट्रेस ने पिंक कलर की ड्रेस में पूरी महफिल लूटी।

मलाइका अरोड़ा की इस इवेंट से तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर छा गईं। मलाइका अरोड़ा इन तस्वीरों में पिंक कलर की बोल्ड ड्रेस में नजर आ रही है। हैं। उन्होंने क्रिसक्रॉस डिजाईन और डीप नेकलाइन ड्रेस कैरी की हुई थी। मलाइका ने अपने बालों को जुड़े में बांध लिया। इसपर हेवी मेकअप भी किया था। उन्होंने अपने आउटफिट के साथ एक्सेसरीज के तौर पर सिल्वर इयररिंग्स पहनी। इन तस्वीरों में अदाकारा अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस का दिल जीता। इन वायरल हो रही तस्वीरों में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स जमकर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं मलाइका।



बता दें, अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा की लव स्टोरी अब हर किसी को मालूम है। पहले तो दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया था, लेकिन जब से उन्होंने अपने प्यार को पब्लिक किया है। तभी से वह दोनों वेकेशन से लेकर बी टाउन की पार्टीज तक में एक दूसरे का हाथ थामे नजर आते हैं। अर्जुन मलाइका का बहुत ध्यान रखते है।

हाल ही में अदाकारा ने सालों बाद म्यूजिक वीडियो में काम किया है। इस गाने का नाम था 'तेरा की ख्याल'। इस गाने को फेमस सिंगर गुरु रंधावा ने अपनी आवाज दी है। ऐसे में जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा- 'अगर मैं बहुत ज्यादा नजर आने लगी तो मेरी डिमांड उतनी नहीं होगी और लोग मुझे देखना मिस नहीं करेंगे।' आगे उन्होंने कहा कि, लाइफ में जिंदगी में यूं तो कई ऑफर्स मिले है, लेकिन सभी पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया।

# कार में बैठकर पलक तिवारी ने दिए ऐसे पोज, एक्ट्रेस के गॉर्जियस लुक्स देख उड़े फैंस के होश

**बी** टाउन की न्यू एक्ट्रेस पलक तिवारी डेब्यू फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से ही फेमस हो गई हैं। वैसे तो वह फिल्म की रिलीज के पहले से ही काफी लाइमलाइट में रहीं। कभी अपने बयानों को लेकर तो कभी शेयर की जाने वाली तस्वीरों को लेकर। पलक तिवारी ने'किसी का भाई किसी की जान' में मुस्कान नाम का कैरेक्टर प्ले किया है। वह अपनी अदाकारी को लेकर जितनी चर्चित हैं, उतनी ही फेमस खूबसूरती को लेकर भी हैं।

सोशल मीडिया पर पलक तिवारी काफी एक्टिव पर्सनालिटी हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने फोटोशूट से कुछ तस्वीरें शेयर की थीं, जिनमें उन्हें यलो कलर के ग्लैमरस ड्रेस में देख फैंस ने तारीफों के पुल बांध दिए। हमेशा अपनी दिलकश अदाओं से फैंस का जी चुराने वालीं पलक ने इन तस्वीरों के बाद कार सेल्फी शेयर की है।

पलक तिवारी वह यंग एक्ट्रेस हैं, जो बिना मेकअप या कम मेकअप में भी खूबसूरत लगती हैं। मेकअप उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। एक्ट्रेस ने कार में बैठे कुछ फोटो शेयर की हैं, जिनमें उन्होंने वाइट टॉप पहना है लुक तो स्वीट और सिंपल लुक देने के लिए उन्होंन गले में पतली सी चेन और कान में बड़ी-बड़ी इयरिंग्स पहनी है। वहीं, एक्ट्रेस ने बालों को आगे करते हुए उसे खुला रखा है। फैंस को उनका यह लुक काफी पसंद आया

21 अप्रैल को फिल्म किसी का भाई किसी की जान रिलीज हुई। इस मूवी में पलक तिवारी का रोल ज्यादा बड़ा नहीं है, लेकिन उन्हें स्क्रीन पर जितना भी टाइम दिया गया, उसमें उन्होंने अपने कैरेक्टर में जान डाल दी। उधर, मूवी को लेकर दर्शकों का मिक्स रिस्पांस देखने को मिला। फरहाद सामजी के निर्देशन में बनी 'किसी का भाई किसी की जान' ने पहले हफ्ते 85.60 करोड़ और दूसरे हफ्ते में 15 करोड़ का कारोबार किया। शनिवार को फिल्म ने 80 लाख कमाए। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 107 करोड़ को पार कर गई है।



मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com